
For Internal Circulation only

Rajasthan Foundation Newsletter
राजस्थान फाउण्डेशन पत्रिका

December, 2006 दिसम्बर, 2006

# Rajasthan International Conclave:
# Strengthening the Bonds




The second Rajasthan International Conclave (RIC) provided yet another opportunity to the Rajasthani Diaspora to connect with its roots and bond with its motherland. Organized by the Rajasthan Association of North America (RANA) from 2nd to 4th July 2006, in New York, the conclave was inaugurated by the Hon'ble C.M. of Rajasthan Mrs. Vasundhara Raje.

During these 3 days, over 2000 delegates from across North America discovered Rajasthan away from Rajasthan. From dresses to food to music, everything had a distinct Rajasthani ambience. Colourful turbans. Laharia and Bandhej along with phrases like Padharo Sa dominated the scene.

For Rajasthan, it was a platform to showcase its fast paced developments that have acclaimed it a position among the frontline states of India. The state was represented by a high level delegation led by Ms. Vasundhara Raje, hon'ble Chief Minister and comprising of Mr. Narpat Singh Rajvi, Industries and NRI Minister, Government of Rajasthan(GoR); Mr. Ghanshyam Tiwari, Education Minister, Government of Rajasthan (GoR) and senior government officials. Business owners, industrialists, entrepreneurs, physicians and other professionals were also a part of the three-day convention.

The warm and royal welcome given to the guests showed that even thousand miles away, NRRs held close to heart the rich cultural values and traditions of their homeland.

Ms. Vasundhara Raje, addressing the convention as the chief guest,




## Contents :


| | |
|---|---|
| Rajasthan International Conclave : Strengthening the Bonds | 1 |
| From Commissioner's Desk | 2 |
| Gen Gyan : Mobile Computer and English Education Programme | 4 |
| Pushkar Rajasthani Mela in Chennai | 6 |
| राजस्थान फाउंडेशन के वेब पोर्टल का शुभारम्भ | 9 |
| नई होटल नीति राजस्थान-2006 | 10 |
| राजस्थान की शान साफा | 14 |
| राजस्थान फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक | 15 |



# Message



## From Commissioner's Desk

*Dear Rajasthanis,*

*The successful completion of Rajasthan International Conclave (RIC) organized by Rajasthan Association of North America (RANA) was a landmark in strengthening the emotional ties between the land of Rajasthan and its sons in USA. Indeed the desire of the NRR community the world over; to come closer to its roots is commendable.*

*The Rajasthan government values the interest shown by you in the socio-economic development of the state and wishes to actively involve you in the process. The unique program of "Adopt a School" enables you to contribute in developing the future of the state while through "Adopt a Monument" scheme you can partner in maintaining the rich heritage of the home state.*

*I look forward to your greater interest and involvement in the affairs of the state and assure you that the Rajasthan Foundation will always support your efforts to strengthen your bonds with your motherland. You may be away from Rajasthan but would always be close to our hearts.*

*Best Wishes*

***Mira Mehrishi***

underlined the need to connect with the community in U.S.A to accelerate socio- economic development in the state. Her emphasis was on the new partnerships particularly in education and healthcare for Rajasthan.

Ms. Raje, in her speech gave a comprehensive account of the state's journey from a 'BIMARU' state to a fast growing state; a story of victory against all odds. She credited better fiscal management, drought management and development of infrastructure as catalysts for the transformation.

The C.M.'s address on the occasion also informed the NRR community about the recently enacted rules and regulations to improve the business climate in Rajasthan and the new opportunities for trade, investment and private public partnerships in booming sectors such as real estate, infrastructure and tourism.




The Governments efforts to preserve the rich heritage of Rajasthan were also highlighted. A special reference was made to the visionary "Adopt a Monument" scheme to preserve the legacy of past through public private partnership.

Ms. Vasundhara Raje appreciated the accomplishments of the NRR community in all walks of life. She also assured the community that they would find all the policies in place and the place in order, for a worthy investment. However, she made it clear that more than funds, the state need personal involvement, dedication and the time of the Rajasthani Diaspora.

Mr. Ajay K. Lodha, President, RANA and the convener of the event said that he and his fellow non-resident Rajasthanis were ready to spend part of their income on social development projects in the state. He also announced that the water harvesting project 'Akash Ganga' undertaken in Rajasthan by the New York chapter during the 2003 convention had received a World Bank grant of $196,000.

The conclave was also addressed by Mr. Arvind Singh, Mewar; Dr. Samin Sharma, world-renowned cardiologist and Dr. Chitranjan Ranawat, a well-known orthopedic







surgeon.

The theme of the conclave was 'Janani Vikas' and discussions were held to empower women through better health and education. Several seminars on other topics related to education, healthcare and development programmes for Rajasthan were also held. For medical professionals, there was a parallel session on medical education in which 6 achievers were also honoured.

The NRR community showed remarkable interest in partnering with the government to achieve the dream of a prosperous and developed Rajasthan. The enthusiastic delegates made on the spot announcements of investments worth 115 crores in various sectors.

Midday Meal scheme specially caught the attention of the NRRs. They showed keen interest to help the Govt. to further consolidate the implementation of this scheme and announced a fund of Rs. 3 crores for funding the central kitchen in Jaipur. A MoU was also signed with RANA to set up a super-specialty hospital at Udaipur.

Ms. Vasundhara Raje met with the Rajasthani Jewellers based in the US and informed them of the development initiatives taken by the State. She stated that the non resident Rajasthanis could play a significant role in the social sector.

During the visit, Rajasthan Delegation had meetings with the representatives of various organizations to facilitate investment in the state.

The delegation also visited the North Shore Hospital (NSHU) one of the biggest hospitals in U.S.A. Discussions were held to provide world class medical facilities to the people of Rajasthan. The delegation invited the core group to visit the State for further discussions on areas of mutual interest.

Ms. Raje apprised the NSHU officials about the hi-tech measures such as telemedicine and others efforts made by the Govt. to improve the health facilities. She sought the support of the private sector in this task and assured all the necessary support and concessions to the private players, on behalf of the Govt.


## Microsoft : Partner in Development

Rajasthan Government has always tried to partner the private sector in its quest for development. The earnestness was once again proved by Ms. Vasundhara Raje's meeting with Mr. Bill Gates, Chairman, Microsoft in Redmond, Seattle seeking a partnership with Microsoft for the economic development of the State. Mr. Ghanshyam Tiwari, Education Minister, Rajasthan; Ms. Gerri Elliot, Corporate Vice President, Worldwide Public Sector, Microsoft and senior officials of the Government and Microsoft were present on the occasion.


The meeting assumed significance in the wake of the State Government's special efforts to promote Information Technology sector and its expansion in new spheres. The discussions centered around evolving an effective work-plan for IT development in three strategic areas: IT literacy amongst government school teachers and students, ushering in e-governance at a more rapid pace, especially in health care and tourism, and empowering women through IT.

Decision was also taken to set up a working group with representation from Government officers and Microsoft executives to prepare inputs into the e-governance framework and roadmap for the state. The chairperson of the working group will be the Principal Secretary, Education while Principal Secretary, Woman and child; Principal Secretary, Health and Family Welfare; Secretary IT; Secretary, Tourism; and Secretary, Small Scale Industries will be the members of the group.

The meeting was centered on devising an effective plan for technology deployment in the core areas of education, health and governance. Smt. Raje said that the application of IT would ensure the all-round sustainable development of these core areas.







# GEN GYAN

## Mobile Computer and English Education Programme

The Rajasthan Urban Infrastructure Development Project (RUIDP) has launched a unique initiative of Public Private Partnership (PPP) in the shape of GEN GYAN Project to provide computer literacy and English education to the underprivileged students residing in slums and semi-urban areas of Jaipur, Jodhpur and Bikaner.

The project, financially supported by the Asian Development Bank under the Japan Fund for Poverty Reduction (JFPR-9021), is expected to bridge the digital divide in the State and empower the community needing access to English and Information Technology for its advancement.

For this novel initiative, GENPACT has come forward and provided five buses fully equipped with the IT infrastructure worth Rs. 1.27 crores. Microsoft has donated part of the software for the ambitious programme.

The Education Department has provided trained faculty for the project and identified the target segment. The project is being managed by two organizations RajCOMP and Indian Institute of Rural Management (IIRM), Jaipur.

Apart from enhancing the interest levels in learning and upgrading the skills of the target segment, the progamme will promote awareness of computers as a window to knowledge. The students will develop interpersonal skills and civic sense through collaborative learning.

The State Government will take technology to the doorsteps of the disadvantaged sections through the project and provide them equal opportunities for development. The mobile classrooms have been developed to combat various challenges faced by traditional schools in slums such as lack of infrastructure, quality teachers, regular power supply and non-availability of hardware, maintenance services and proper space.

The State Government is confident

# Novel Initiative





that the use of mobile classrooms would prove to be a cost-effective solution to address the problems relating to education of disadvantaged children. The mobile classrooms will function in five buses with 90 computers and accessories, costing Rs. 127 lakhs.

Rajasthan Council for Elementary Education, the co-partner for the programme, will be responsible for development of course curriculum, study material, methodology for teaching, identification of target schools in slums, route maps and recruitment and training of teachers for Computers and English.

There are 18 computers in each bus on a twin-sharing basis to teach 36 students at a time, while an LCD projector with screen as well as a public address system with a rearview screen has been installed in each bus for community awareness programmes. The 'GEN GYAN' term selected for the project signifies masses and knowledge.

A detailed monitoring and assessment system has been developed as part of the project to ensure a systematic implementation of the programme. The progress of students' learning will be monitored through a continuous evaluation process during the course. The progrmame is initially scheduled to cover more than 50 schools situated in the slums in and around Jaipur (21), Jodhpur (20) and Bikaner (11).











# Pushkar Rajasthani Mela in Chennai






The Rajasthan Foundation, Chennai Chapter, extended cooperation to the Rajasthan Cosmo Club and the Rajasthani Association, Tamil Nadu, in organizing a unique two-day event Rajasthan Pushkar Mela in Chennai on June 25 and 26, 2006, showcasing the rich cultural heritage of the desert State. About 30,000 people drawn from various sections of Chennaites visited the fair.

The vibrant and colourful Rajasthani culture was depicted in the event through food court, folk dances and songs, fashion show, art and craft items, pottery, paintings, puppet shows, fun games for kids and adults, turban photoshoot and turban tying classes.

The Mela was inaugurated by the Tamil Nadu Governor, His Excellency Shri Surjit Singh Barnala, who was ceremonially brought to the site in a Buggi (a coach drawn by horses). Shri Kailash Mal Dugar, President of Rajasthan Foundation, Chennai Chapter, welcomed the gathering. Shri Manoj Sharma, Executive Director, Rajasthan Foundation, joined the symbolic inauguration by releasing hundreds of balloons on the occasion.

# Rajasthan in Chennai





Shri Barnala, addressing the gathering, praised the positive traits of Rajasthani people, as tolerance, generosity and benevolence. He said the unity of the people of Rajasthan had set an example for others to emulate. The Governor also underlined the significance of symbols of Rajasthani culture, such as 'ghoonghat' (veil) and 'jharokha' (oriel).


The Mela site had an impressive entrance depicting a Rajasthani fort and a village scene. The Rajasthan Foundation had sent to the fair a group of cultural artistes, who made scintillating performance of dance and music during the two days.

The dances of Algoja by Ram Prasad & party of Newai, Bhavai dance by Balchandra Rana of Jaipur, Kalbelia by Umrao Khan Langa, fire show by Mukesh Rana and the puppet show were very much appreciated by the





# Rajasthan in Chennai








visitors. A fashion show was organised on the opening day of the Mela in which Vikram Dugar was awarded the Rajasthan "Sirmore" title as the best dressed male and Archana Bogaria was conferred the "Gangaur" title as the best dressed young lady.

The fashion show depicted various dresses worn by different communities of the State with 28



models participating in the event. Large crowds witnessed the cultural shows and various functions and visited the 120 stalls put up at the site.

The people who visited the Mela felt as if Rajasthan had been brought to Chennai. With the Rajasthan Government and Rajasthan Foundation providing full assistance to the organizers, the Mela became one of the most memorable events of the Tamil Nadu capital.






# राजस्थान फाउण्डेशन के वैब पोर्टल का शुभारंभ

प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से भावनात्मक तरीके से जोड़ने और आपसी सम्बन्धों को मजबूत करने के लिए राजस्थान फाउंडेशन ने 'वैब पोर्टल' सेवा का शुभारम्भ किया है। अब अप्रवासी और प्रवासी राजस्थानियों को 'वैब पोर्टल' पर राजस्थान के बारे में विभिन्न प्रकार की सूचनाएं उपलब्ध हो सकेगी।

उद्योग मंत्री नरपत सिंह राजवी ने विगत 2 नवम्बर को 'योजना भवन' में इस 'वैब पोर्टल' सेवा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिकी सी.के. मैथ्यू, प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं अप्रवासी भारतीय विभाग अशोक सम्पतराम, राजस्थान फाउंडेशन एवं प्रमुख शासन सचिव पर्यटन मीरा महर्षि और सूचना प्रौद्योगिकी के निदेशक दिनेश कुमार भी उपस्थित थे।


### क्या है 'वैब पोर्टल' सेवा ?

'राजस्थान फाउंडेशन' द्वारा तैयार किए गए इस 'वैब पोर्टल' में देश एवं विदेशों में रहने वाले प्रवासी व अप्रवासी राजस्थानियों को अपनी पैतृक भूमि की विस्तृत जानकारी सुलभ कराई गई है। इस जानकारी के साथ-साथ राज्य सरकार की ओर से क्रियान्वित विकास की विभिन्न योजनाओं की समुचित सूचनाएं उपलब्ध है।


वैब पोर्टल में कुल 546 पेज हैं। इनमें सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाएं मसलन अडॉप्ट-ए-मोन्यूमेंट, मिड-डे-मील, अडॉप्ट-ए-स्कूल, पर्यटन नीति, होटल नीति सूचना व तकनीक नीति आदि का भी समावेश किया गया है।

'वैब पोर्टल' में राजस्थान फाउंडेशन के उद्देश्यों, गतिविधियों और उसके दस चेप्टर्स (8 भारत में और 2 विदेश में -न्यूयार्क और लंदन) की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। 'वैब पोर्टल' का लाभ उठाने वालों के लिए राजस्थान फाउंडेशन की फोटो सहित आज तक की सभी खबरें (न्यूज-अपडेट) और अलग से एक फोटो गैलेरी भी शामिल की गई है। इनके अलावा राजस्थान फाउंडेशन के 'न्यूज लेटर' कम्पेन्डियम, ब्रोशर, हिन्दी कलेण्डर, वॉलपेपर आदि को डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध है। वैब पोर्टल में एक संदेश पट्टिका (मैसेज बोर्ड) भी है। इससे प्रवासी राजस्थानी अपने व्यक्तिगत कार्यक्रमों, आइटीनेररी, राज्य में विनिवेश करने की रुचि आदि की जानकारी भी भेज सकते हैं।

तो आप आज ही **(www.rajasthan foundation.org)** डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. **राजस्थान फाउंडेशन.** ओआरजी वैब पोर्टल खोलकर सारी जानकारियां प्राप्त कीजिए।









# नई होटल नीति राजस्थान - 2006


**पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहन देने वाले तीन आधार स्तम्भ हैं। पर्यटन-स्थल, ऐतिहासिक स्मारक एवं पुरातत्व के प्राचीन स्थल। परिवहन के साधन और पर्यटकों के आवास की सुविधाएं। पर्यटन की दृष्टि से अग्रणी इस प्रदेश में पर्यटकों के लिए आकर्षक होटल बनाने के लिए निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने 'नई होटल नीति-2006' की घोषणा की है। पेश है इस नीति का ब्यौरा।**

राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से भारत का अग्रणी राज्य है। राज्य की गौरवशाली विरासत एवं रंग-बिरंगी संस्कृति पर्यटकों को आकर्षित करती है। विगत वर्षों में राज्य में पर्यटकों की आशातीत वृद्धि हुई है, किन्तु पर्यटन आधारभूत संरचना में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हो सकी है। राजस्थान सरकार का लक्ष्य है कि पर्यटन को राज्य के आर्थिक विकास की धुरी बनाई जावे, इसके लिए आवश्यक है कि निवेशकों को राज्य में आकर्षक वातावरण प्रदान किया जावे। इस महत्वपूर्ण उद्देश्य की प्राप्ति हेतु राज्य में एक नई होटल नीति-2006 राज्य सरकार द्वारा जून, 2006 में घोषित कर दी गई है। नई

## होटल नीति - 2006 की विशेषताएं

- होटलों के लिए भूमि बैंक की स्थापना जिला स्तर पर
- वेब-साइट पर भूमि बैंक सूचना
- होटल श्रेणियों के लिए अधिकतम भूमि क्षेत्र की घोषणा
- भूमि दरों में रियायत
- भूमि रूपांतरण में 100% छूट (1, 2, 3 श्रेणी)
- मनोरंजन कर में 100% छूट (1, 2, 3 श्रेणी)
- जल आपूर्ति दरें औद्योगिक दरों के समान
- गृहकर औद्योगिक दरों के समान
- पुराने पैलेस एवं हवेलियों को हेरिटेज होटल बनाने में सहयोग
- 'होटल सेल' की स्थापना
- सभी सुविधाएं व रियायतें नई इकाइयों को

# Hotel Rules - 2006



होटल नीति में स्थित विभिन्न छूटों एवं सुविधाओं का लाभ केवल नई होटल्स/इकाइयों को ही प्राप्त होगा।

**नई होटल नीति – 2006 के प्रावधान**

1. राज्य सरकार द्वारा होटलों/आवास सुविधा की आधारभूत संरचना के विकास के लिए भूमि की उपलब्धता हेतु निम्न कार्यवाही प्रस्तावित है:

   अ. जयपुर विकास प्राधिकरण/स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायतों एवं सम्बन्धित जिले के जिला कलक्टर द्वारा होटल स्थापित करने हेतु उपयुक्त पर्याप्त भूमि का चयन एवं आरक्षण (होटलों के लिए भूमि बैंक की स्थापना) किया जायेगा। इस भूमि बैंक में होटलों के लिए अलग से भूमि का चयन एवं आरक्षण निम्न श्रेणी के होटलों के लिए किया जाएगा:

   - बजट होटल (1, 2, 3 सितारा होटल)।
   - मिड मार्केट होटल (4 सितारा श्रेणी के होटल्स)।
   - 5 सितारा/5 सितारा डीलक्स व इससे ऊपर की श्रेणी के होटल

   उक्त श्रेणी के होटलों के लिए भूमि का चयन एवं आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

   ब. इस प्रकार स्थापित भूमि बैंक का संरचना विवरण पर्यटन विभाग/प्रत्येक स्थानीय निकायों/सम्बन्धित जिला कलक्टर की वेब-साइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

   स. विभिन्न श्रेणी के होटलों को अधिकतम भूमि क्षेत्र का आवंटन निम्नानुसार किया जायेगा:

| होटल श्रेणी | अधिकतम भूमि क्षेत्र |
|---|---|
| • बजट (1, 2 व 3 सितारा) | 1200 वर्ग मीटर तक |
| • मिड मार्केट होटल (4 सितारा) | 6000 वर्ग मीटर |
| • 5 सितारा/ 5 सितारा डीलक्स व ऊपर की श्रेणी | 18000 वर्ग मीटर |

2. (अ) बिन्दु संख्या (1) (अ) में उल्लेखित स्थानीय निकायों के सम्बन्ध में होटलों के लिए भूमि बैंक में चयनित एवं आरक्षित भूमि की विशिष्ट आरक्षित दर निर्धारित की जाएगी। होटल एवं आवास इकाइयों के लिए विशिष्ट आरक्षित दर स्थानीय क्षेत्र की वर्तमान वाणिज्यिक आरक्षित दर का 50% होगा। यह विशिष्ट दर होटलों के लिए भूमि आवंटन हेतु न्यूनतम दर होगी तथा आवंटन तुलनात्मक निविदा के आधार पर किया जावेगा। स्थानीय निकायों द्वारा होटल प्रोजेक्ट के लिए चयनित विभिन्न भूमि की आरक्षित दर पर्यटन विभाग एवं स्थानीय निकायों की वेब-साइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।


   ब. होटलों के लिए भूमि का आवंटन विशिष्ट आरक्षित दर के आधार पर तुलनात्मक निविदा के आधार पर निम्न प्रक्रियानुसार किया जाएगा :-

   - स्थानीय निकायों द्वारा होटलों के लिए चयनित भूमि का विक्रय एवं निस्तारण जन सूचना हेतु विज्ञापन के जरिए अधिसूचित किया जाएगा।

     विज्ञापन में विक्रय एवं निस्तारण की विशिष्ट आरक्षित दर का उल्लेख होगा तथा यह तुलनात्मक निविदा हेतु न्यूनतम दर होगी।

     यदि किसी निविदा प्रक्रिया में केवल एक ही निविदादाता निविदा प्रस्तुत करता है तो सम्बन्धित स्थानीय निकायों द्वारा न्यूनतम आरक्षित दर पर निविदादाता को भूमि का आवंटन किया जाएगा।

   - विशिष्ट न्यूनतम दर पर होटलों के लिए चयनित एवं आरक्षित भूमि के आवंटन के लिए इच्छुक आवेदक सम्बन्धित स्थानीय निकाय को आवेदन करेगा। आवेदन प्राप्त होने के पश्चात् सम्बन्धित स्थानीय निकाय द्वारा विज्ञापन के जरिए जनसूचना हेतु अधिसूचित किया जाएगा। यदि विज्ञापन की नियत समय अवधि के अन्दर भूमि के विक्रय/निस्तारण हेतु एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो तुलनात्मक निविदा के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। यदि विज्ञापन की नियत समय अवधि के अन्दर कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो भूमि का आवंटन होटल नीति के अन्य प्रावधानों के तहत विशिष्ट आरक्षित दर पर एकल आवेदक को किया जा सकता है।
   - उपरोक्त 2ब (i) एवं 2ब (ii) हेतु स्थानीय निकायों द्वारा एकल आवेदक/ निविदादाता जो कि होटल के लिए न्यूनतम आरक्षित दर पर भूमि आवंटन के लिए चयनित किया गया है को पूर्व अर्हता निविदादाता की शर्तों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय निकायों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा कि तुलनात्मक निविदा के तहत चयनित निविदादाता अथवा एकल निविदादाता/ आवेदक (जो कि भूमि आवंटन हेतु चयनित किया गया है) प्रोजेक्ट राशि का 10% कार्यकुशलता गारंटी जमा करनी होगी। होटल प्रोजेक्ट के लिए



आवंटित भूमि में निर्मित क्षेत्र का अधिकतम 15% वाणिज्यिक उपयोग हेतु प्रतिबन्धित होगा।

- इस नीति के लिए होटल भूमि की निविदा एवं आवेदन के लिए निम्न कसौटियां निर्धारित की जाती हैं:

अ. बजट होटल (1, 2 से 3 सितारा श्रेणी के होटल्स) के लिए कोई पात्रता नहीं।

ब. 4 सितारा श्रेणी व इससे ऊपर की श्रेणी के लिए - निविदादाता/आवेदक होटल/ट्यूर ऑपरेटर/ होटल व्यवसाय में पर्यटन गतिविधियों के क्षेत्र का होना चाहिए। यदि आवेदक के पास यह योग्यता नहीं है तथा आवेदक (कन्सोर्टियम में) का कोई भी सदस्य इन शर्तों का धारी है तो आवेदन स्वीकार किया जा सकता है।

स. बिन्दु संख्या 2 (अ) एवं 2 (ब) में उल्लेखित प्रावधान के प्रभाव में आने के पश्चात् राज्य सरकार (नगरीय विकास विभाग) द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक एफ-3 (28) न.वि.वि./3/96 पार्ट दिनांक 17.11.01 को होटलों व इकाइयों के लिए तुरन्त प्रभाव से वापिस लिया जाएगा।

3. नये बजट होटल, (1, 2, 3 सितारा श्रेणी) के होटलों के लिए विशिष्ट छूट का प्रावधान किया जाएगा जो कि राजस्थान विनिवेश नीति योजना-2003 के तहत दी गई छूट से अलग एवं विशिष्ट होगा। विशिष्ट छूट के तहत निम्न प्रावधान सम्मिलित किये जावेंगे:
   - भूमि रूपांतरण में 100% छूट।
   - मनोरंजन कर में 100% छूट।


   उपरोक्त छूट मार्च, 2010 तक मान्य होगी।

4. राज्य सरकार द्वारा नवीन बजट श्रेणी (1, 2, 3 सितारा श्रेणी) होटलों/ इकाइयों को तुरन्त प्रभाव से निम्न छूट एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी:
   - जल आपूर्ति की दरें औद्योगिक दरों के समान ली जावेगी।
   - गृह कर की वसूली औद्योगिक दरों के समान ली जावेगी।

5. (अ) ऐसी समस्त नजूल सम्पत्तियां एवं भूमि जो कि हैरिटेज होटल, ट्यूरिस्ट कॉम्पलेक्स एवं आवास सुविधा हेतु उपयुक्त है, पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जावेगी। पर्यटन विभाग द्वारा सार्वजनिक/निजी क्षेत्र में सहभागिता के आधार पर प्रोजेक्ट प्रस्ताव तैयार किये जायेंगे तथा सुनिश्चित किया जाएगा कि इनका निस्तारण राजस्थान पर्यटन विभाग/ राजस्थान पर्यटन विकास निगम भूमि एवं सम्पति निस्तारण नियम-1997 के तहत किया जावे।

   (ब) राज्य सरकार द्वारा संयुक्त क्षेत्र - निजी क्षेत्र में नये होटलों के प्रस्ताव निम्न प्रक्रियानुसार स्थापित कर सकेगी:
   - राजकीय भूमि की कैपिटल कीमत को विशिष्ट प्रयोजन हेतु कम्पनियों में इक्विटी।
   - राजकीय भूमि की कैपिटल कीमत के आधार पर राजस्व का बंटवारा।

6. पर्यटन विभाग द्वारा राजकीय डाक बंगलों एवं रेस्ट हाउस जो कि पर्यटकों के लिए आवास सुविधा हेतु उपयुक्त है, को निजी क्षेत्र में देने हेतु योजना बनाई





जाएगी। इस योजना में उन डाक बंगलों एवं रेस्ट हाउस जो कि पर्यटक आवास इकाइयों के लिए उपयुक्त है, की सूची सम्बन्धित विभाग की सहमति से शुमार की जावेगी।

7. नवीन होटल प्रोजेक्ट्स के लिए उच्चतम क्षेत्र (एफ.ए.आर.) के लिए राज्य सरकार द्वारा निम्न अधिसूचनाएं जारी की जाएगी।

   वर्तमान क्षेत्र में नये होटल अधिकतम स्वीकृत ऊंचाई में वृद्धि हेतु वर्तमान भूमि बाई लाज् का अधिकतम 2 गुना की स्वीकृति इस शर्त के साथ दी जायेगी कि अधिकतम स्वीकृत ऊंचाई स्कीम एरिया का 1 (एक) से अधिक न हों।

   नवीन क्षेत्र में नये होटल नगर विकास हेतु नवीन नगर नियोजन नीति के तहत नये होटल भवन के लिए अधिकतम स्वीकृत ऊंचाई में 2 गुना तक स्वीकृति इस शर्त के साथ दी जाएगी कि अधिकतम स्वीकृत ऊंचाई स्कीम एरिया का 1 (एक) से अधिक न हों।

8. राज्य सरकार द्वारा पुराने पैलेस एवं हवेलियों को हैरिटेज होटल में परिवर्तित एवं स्थापित करने में प्रोन्नत एवं सहयोग प्रदान करेंगी।

9. पर्यटन विभाग होटल एवं आवास आधारभूत संरचना के विकास हेतु नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। इस हेतु पर्यटन विभाग द्वारा निम्न दायित्व निर्वाह किये जायेंगे :


अ. पर्यटन विभाग नवीन होटलों/आवास प्रोजेक्ट्स की त्वरित स्वीकृति एवं होटल उद्योग की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। बोर्ड ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास एवं विनियोजन तथा राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति के समक्ष विचारार्थ एजेण्डा बिन्दु बी.आई.पी. के स्थान पर पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे।

ब. पर्यटन विभाग की वेब-साइट में स्थानीय निकायों एवं विभिन्न जिलों में भूमि बैंक में उपलब्ध भूमि की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

स. नवीन होटल प्रोजेक्ट्स के लिए पर्यटन विभाग आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए प्रथम प्रवेश बिन्दु होगा। विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों से स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए एकल समन्वित आवेदन प्रपत्र बनाया जाएगा।

द. पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में कार्यशील विभिन्न होटलों एवं आवास इकाइयों के पंजीकरण हेतु दिशा-निर्देश बनाये जाकर उनका सही डाटा संधारित किया जावेगा।

य. पर्यटन विभाग उपरोक्त गतिविधियों के संचालन हेतु निदेशालय में "होटल सेल" की स्थापना करेगा। ❑





# राजस्थान की शान साफा

राजस्थान का साफा या फिर पगड़ी जीवन की आन-बान-शान है। साफा तो राजस्थानियों का जीवन से मृत्यु पर्यन्त का साथी है। नौ मीटर लम्बा और एक मीटर चौड़ा साफा सुख और दु:ख में साथ निभाता है। जब साफे को तुर्रा-कलंगी के साथ पहिनते हैं तो दूल्हा बन जाते हैं। मांगलिक, महोत्सवों, विवाह-समारोहों में साफा या फेंटा समारोहों की शान बढ़ाता है। शोक में साफा 'पोतिया' बन जाता है। तब उसका रंग सफेद, हरा, हल्का कत्थई हो जाता है। साफा संवेदनाओं, सुख, दु:ख और सहानुभूति का भी प्रतीक बन जाता है। साफा पहिनकर ही राज-दरबारों में दरबारी दरबार की शान बढ़ाते हैं और उन्हें इज्जत बख्शते हैं।




राजस्थान में साफा और फेंटा सभी राजस्थानियों का जीवन साथी है। जब उसकी लम्बाई बढ़ जाती है और चौड़ाई घट जाती है तो वह पाग और पगड़ी बन जाती है। देश भर में साफे का चलन है। पारिवारिक, क्षेत्रीय और जातीय परम्पराओं के अनुसार साफा पहनने की अलग-अलग विधाएं हैं, शैलियां हैं। साफा सर्दी का रक्षा कवच भी है। सिर पर साफा है तो सर्दी पास नहीं फटकती। साफा पहिनने की शैली से ही विदित हो जाता है कि यह व्यक्ति किस इलाके का है। जोधपुरी साफा, शेखावाटी साफा, बीकानेरी साफा, बाड़मेरी साफा, मेवाड़ी साफा, ढूंढाणी साफा, हाड़ौती साफा और भी तरह-तरह के साफों की शैली इलाके की अभिव्यक्ति करते हैं। साफे की लम्बाई चौड़ाई भी इलाके की जलवायु के अनुरूप होती है। रेगिस्तानी साफा अपेक्षाकृत लम्बा होता है। तपती धूप में उसे तनिक ढीला पहना जाता है। किसान, ग्वाले उसे तनिक कसकर पहिनते हैं।

समाज में राजस्थान के साफे का विकल्प और महत्व अन्य कोई टोपी या टोप नहीं है। मध्य युग में यह परम्परा थी कि यदि कोई



व्यक्ति अपने सिर पर साफा पहिने लौट रहा है और उसके हाथ में भी साफा है, तो महिलाएं यह अनुमान लगाने में देरी नहीं करती थी कि किसी का पति रणभूमि में शहीद हो गया है, इसीलिए उसका साथी दूसरा साफा अपने हाथ में लिए आ रहा है। जब राजपूत महिलाएं अपने पति की चिता पर शहीद होती थीं तो वे अपने पति के साफे को अपनी गोद में उठाकर चलती थीं। राजस्थान में 'पगड़ी बांध' या 'साफा बांध' जीवन भर साथी बने रहने की परम्परा है। युद्ध भूमि में वीर गति प्राप्त करने वाले शहीद की गर्दन भले ही कट जाए लेकिन उसका साफा उतरना अपमानजनक माना जाता है। यही नहीं जीवित व्यक्ति का साफा उतरने, पगड़ी फेंकने की घटनाओं से कई बार रक्तपात हो जाता था। पगड़ी, साफा और फेंटा सिरोवस्त्र, एवं यह इज्जत, प्रतिष्ठा और आदर के प्रतीक हैं। उसे उतारने के लिए



विनम्र भावाभिव्यक्ति करनी पड़ती थी। यदि किसी के पांवों में पगड़ी या साफा रख दिया तो उसे सम्पूर्ण समर्पण माना जाता था। जबकि साफों की अदला-बदली जीवन भर के घनिष्ठ सम्बन्धों का प्रतीक था। मारवाड़ में साफा पहिनने का महत्व आगन्तुक अतिथि को सम्मान देना है। यह परम्परा रही है कोई भी व्यक्ति किसी महिला के सामने किसी विशेष अवसरों या अवसर पर बिना साफा पहिने नहीं जाता था। यदि जाता था तो उसे दुर्भाग्य माना जाता था, वैसे ही जैसे काली बिल्ली ने रास्ता काट लिया हो। पिता की मृत्यु के बाद ज्येष्ठ पुत्र को शोक में सफेद साफा पहिनना पड़ता था।

यह ज्येष्ठ पुत्र के उत्तराधिकार के हस्तांतरण का संकेत माना जाता था। यहां तक रूढ़ियां बनी हुई थीं कि आपके पास गिरवी रखने को कोई सम्पत्ति नहीं थी तो साफा गिरवी रखा जाता था। लेकिन अब ये रूढ़ियां नहीं रही है। गहरा नीला और खाकी साफा पहिनना भी शोक का ही प्रतीक माना जाता है। फाल्गुनिया साफा फागुन में पहिना जाता था। मानसून में लहरिये के साफे पहिनने की परम्परा राजस्थान में आज भी प्रचलित है।

ऐसी भी परम्परा है कि पीला साफा




## राजस्थान फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक




**राजस्थान फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति की छठी बैठक 13 अक्टूबर, 2006 को सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता सुश्री सावित्री कुनाड़ी ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर यथा बजट, नये शहरों में राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर्स खोलने एवम् प्रस्तावित एक्शन प्लान के बारे में विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन, श्रीमती मीरा महर्षि ने फाउंडेशन की प्रस्तावित गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवम् अप्रवासी भारतीय विभाग श्री अशोक सम्पतराम, शासन सचिव, (प्रथम) वित्त विभाग श्रीमती नीलकमल दरबारी एवम् कार्यकारी निदेशक, राजस्थान फाउंडेशन श्री मनोज कुमार शर्मा भी उपस्थित थे।**




# Tradition of Turbans





ब्राह्मण और व्यापारी पहिनते हैं, जबकि गुलाबी साफा किसान और लाल रंग का साफा रायका और रैबारी पहिनते हैं। रायका और रैबारी भेड़-ऊंट को चराने वाले होते हैं। मोतिया, खाकी और तोराफूली साफे पहिनने का प्रचलन राजपूतों में है। काले रंग के साफे कुछ गुर्जर लोग पहिनते हैं। इसकी वजह इलाके की जलवायु है।

गर्म रेगिस्तानी इलाकों में तनिक ढीली-ढाली पगड़ी अथवा साफा पहिना जाता है। साफा बहु-उपयोगी एवं बहुद्देश्यीय



है। कई काम साधते हैं। कभी वह तकिया बन जाता है, तो कभी वह ओढ़ने अथवा बिछाने के उपयोग में ले लिया जाता है। उससे शरीर भी पोंछ लिया जाता है। राजस्थान में तालाबों के मटमैले पानी को साफे से छान कर पीने की भी परम्परा प्रचलित रही है। यही नहीं यह साफा मजबूत रस्सी भी बन जाता है। इसमें बाल्टी बांधकर कुओं से पानी निकाल लिया जाता है।

आज के आधुनिक युग में भी राजस्थान के इस साफे और फेंटे की भूमिका कम नहीं हुई है। उसकी अनिवार्यता आज भी बनी हुई है। आज भी समारोहों में साफे, पगड़ी और फेंटे अवश्य नजर आयेंगे। कोई भी फैशन अथवा सामाजिक परिवर्तन साफे की परम्परा और प्रचलन को शायद ही बदल पाए। यह राजस्थान के इतिहास, संस्कृति, परम्पराओं और जीवन शैली में रचा बसा है। यही नहीं आज तो साफा देशी-विदेशी पर्यटकों का आकर्षण बना हुआ है। साफे और फेंटे लोकगीतों का गायन व प्रचलन राजस्थान के हर गांव-शहर में है। इस प्रदेश में साफा और राजपूत शैली की मूंछें आन, बान, शान और ऐतिहासिक प्रतीक हैं।

**Rajasthan Foundation looks forward to hearing from you. Kindly get in touch with us at Rajasthan Foundation**
**Yojana Bhavan, Yudhister Marg, C-Scheme, Jaipur 302 005, Rajasthan, India · Tel. : +91-141-2229091**
**Commissioner (Direct) : +91-141-2229111 · Executive Director (Director) : +91-141-2229444 · Fax : 91-141-5113224**
**E-mail : rajfound@raj.nic.in · Website : www.rajasthanfoundation.org**

Printed by: Rajasthan Block Ph.: 0141-2322558